



## संक्षिप्त समाचार

### सात जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में अगले चार दिनों में सात जिलों में भारी बारिश की चेतावनी का मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। आज मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि उत्तराखंड मौसम विभाग ने प्रदेश के लिए 4 दिनों के लिए चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि 24 अगस्त से 27 अगस्त तक के लिए बारिश की चेतावनी जारी की है। जिसमें 7 जिलों में अगले 4 दिनों में भारी बारिश की संभावना मौसम विभाग में जताई है। मौसम विभाग के 4 दिनों के अलर्ट को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग की हाई अलर्ट पर है और एसडीआरएफ, एनडीआरएफ ,पुलिस ,आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें जिला प्रशासन अलर्ट पर है।

### टपकेश्वर महादेव मंदिर तीन दिन के लिए बंद

**संवाददाता** देहरादून। टपकेश्वर महादेव मंदिर गढ़ी कैंट के पुजारी कोरोना पॉजीटिव मिलने के बाद देहरादून के प्रसिद्ध शिवालय टपकेश्वर महादेव मंदिर को तीन दिन के लिए बंद कर दिया गया है। यहां मिली जानकारी के अनुसार मंदिर प्रबंधन के कहने पर मंदिर को बंद कराया गया है। सोमवार का दिन होने के कारण सुबह ही भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच गए थे। लेकिन, मंदिर का मुख्य द्वार बंद था। इससे श्रद्धालु निराश होकर वापस लौट गए।

### छात्राएं घर में बैठकर प्रकृति को बचाने के कार्य करेंगी

**संवाददाता** देहरादून। एमकेपी पीजी कॉलेज की समाज शास्त्र की शिक्षिका डॉ. ज्योत्सना शर्मा ने कहा है कि एमकेपी पीजी कॉलेज मैं मौजूद इको रेस्टोरेशन क्लब को 17 सितम्बर 2020 को एक साल पूरे होने वाले है। इस मौके पर छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन इंटर्नशिप प्रोग्राम कराया जा रहा है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि जिसमें छात्राएं घर में बैठकर प्रकृति को बचाने के कार्य करेंगी।

### क्वालकोम स्नैपड्रैगन 662 के साथ मोटो जी9 भारत पहुंचा

**संवाददातां** देहरादून। भारत पर अपना फोकस जारी रखते हुए आज मोटोरोला ने अपनी अत्यधिक लोकप्रिय जी फ्रैंचाईजी में अगली जनरेशन का स्मार्टफोन–मोटो जी9 सबसे पहले भारत में लॉन्च करने की घोषणा की। भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए किए गए कंज्यूमर शोध के आधार पर एक एक 'मेड फॉर इंडिया' एवं 'मेड इन इंडिया' स्मार्टफोन है। मोटो जी9 में परफॉर्मेंस, कैमरा, बैटरी आदि के मामले में अत्यधिक प्रगति की गई है। ऑल–न्यू मोटो जी9 अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अनुभव देगा।

# ई–मीटिंग प्रणाली से ऊर्जावान युवा सोच को बढ़ावा मिलेगा

**शुभारम्भ**

■ सीएम ने किया ई–मीटिंग सॉफ्टवेयर का शुभारम्भ

■ स्मार्ट मीटिंग मैनेजमेंट प्रणाली से और प्रभावी बनेगा सरकारी सिस्टम

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय में ई–मीटिंग सॉफ्टवेयर का शुभारम्भ किया। ई–मीटिंग सॉफ्टवेयर एक स्मार्ट मीटिंग मैनेजमेंट सिस्टम है। जिसके माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय एवं सचिवालय में होने वाली बैठकों को आईटी के माध यम से और बेहतर तरीके से क्रियान्वित किया जा सकेगा। बैठक में प्रतिभाग करने वाले अधिकारी, बैठक का एजेंडा और प्रस्तावित चर्चा के बिंदु बैठक से दो दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री के अनुमोदन के लिए भेंजेंगे, अनुमोदन के बाद ही बैठक होगी।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के डिजिटल इंडिया की सोच की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ई–मीटिंग प्रणाली से ऊर्जावान युवा सोच को बढ़ावा मिलेगा। राज्य में ई–मंत्रीमण्डल, ई–ऑफिस के बाद ई–मीटिंग की शुरूआत हुई है। ई–मीटिंग प्रणाली से अधिकारियों के कार्य करने की गति में और तेजी आयेगी। राज्य सरकार का प्रयास है कि योजनाओं का लाभ समाज में अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए लीक से हटकर आधुनिक तकनीक अपनाने की जरूरत है। ई–मीटिंग प्रणाली से शासन एवं अन्य विभागों के कार्यों में भी तेजी आयेगी। मॉनिटरिंग व ट्रेकिंग के माध्यम से कार्यों को एफिशिएंट व प्रोडक्टिव बनाकर समयबद्धता के साथ निस्तारण के स्थान पर निपुणता पर केन्द्रित किया जाना चाहिए। जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सचिवालय को सरकारी सिस्टम का हृदय माना जाता है। सचिवालय में फाइलों की ट्रेकिंग से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को जल्द मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम वर्चुअल इंडिया की तरफ बढ़ रहे हैं। आज वर्चुअल ने एक्चुअल को साधने का दृढ़ निश्चय कर लिया है। राज्य सरकार का मुख्य विजन राज्य को आईटी हब बनाने का है।



ई–मीटिंग का सॉफ्टवेयर एनआईसी द्वारा आईटी विभाग और मुख्यमंत्री कार्यालय के सहयोग से बनाया गया है। अब मुख्यमंत्री कार्यालय की बैठक मीटिंग मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर के माध्यम से होंगी। ई–मीटिंग सॉफ्टवेयर का एक पोर्टल बनाया गया जिसकी वेबसाइट emeeting-uk-gov-in है। ई–मीटिंग तकनीक के माध्यम से बैठक का एजेंडा एवं कार्यवृत्त ऑनलाईन स्टोर किये जायेंगे। बैठक के आयोजन के लिए अधिकृत अधिकारी बैठक की तैयारियों एवं बैठक के समय दिखाये जाने वाले डाटा का मीटिंग से पूर्व वैरिफाई करेंगे। मीटिंग में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों की उपस्थिति ऑन लाईन दर्ज की जायेगी। मीटिंग के दौरान दिये गये लक्ष्यों की समय सीमा पूर्ण होने पर ऑटोमैटिक अलर्ट ईमेल और एसएमएस द्वारा अधिकारियों को मिलेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के आईटी सलाहकार रविन्द्र दत्त, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव आईटी आर. के. सुधांशु, सचिव मुख्यमंत्री श्रीमती राधिका झा एवं विभिन्न विभागों के सचिव, अपर सचिव, एनआईसी के उप महानिदेशक के.नारायणन एवं तकनीकि निदेशक नरेन्द्र सिंह नेगी उपस्थित थे।

### ई–गवर्नेंस की दिशा में अच्छा प्रयासः मुख्य सचिव

मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने कहा कि यह ई–गवर्नेंस की दिशा में अच्छा प्रयास है। ई–मीटिंग प्रणाली से पूर्व में ली गई बैठकों के निर्णय भी सहजता से उपलब्ध होंगे और पेपरलेस कार्य भी होंगे। मंत्रीगणों एवं मुख्य सचिव की बैठकों के लिए भी ई–मीटिंग प्रणाली अपनाई जाय। इसके लिए निजी सचिवों को प्रशिक्षण भी दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि दिसम्बर तक सभी सन्दर्भ ई–ऑफिस पर आ जायें।

## कुम्भ मेला–2021 के लिए आवश्यक तैयारी समय से पूर्ण करें: कौशिक

**बैठक**

■ कुम्भ मेला के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में बैठक की

देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश के शहरी विकास, आवास, राजीव गाँधी शहरी आवास, जनगणना, पुनर्गठन एवं निर्वाचन मंत्री मदन कौशिक ने विधान सभा स्थित सभा कक्ष में कुम्भ मेला–2021 के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में बैठक की।

बैठक में कहा गया कि कुम्भ मेला–2021 के लिए आवश्यक तैयारी समय से पूर्ण कर ली जाए। बदली हुई परिस्थितियों में विभागों से संशोधित कार्य योजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। कुम्भ मेला–2021 में स्वच्छता पर विशेष फोकस किया जायेगा। कुम्भ मेला सौन्दर्यीकरण का आधार स्वच्छता होगा। सॉलिड वेस्ट मैंनेजमेंट के तहत कूड़ा निस्तारण किया जायेगा। पार्किंग एवं स्नानघाटों को भीड़ के आवश्यकतानुसार बनाने का निर्देश दिया गया है। कुम्भ मेला के दौरान आश्रम, अखाड़ों एवं मन्दिरों के आस–पास, शहर के भीतर सड़कों की मरम्मत एवं रखरखाव का एस्टीमेट तैयार करने का निर्देश दिया गया। कमेटी द्वारा लोगो चिन्ह, का परीक्षण कराकर, जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये।



शहर के सौन्दर्यीकरण के अन्तर्गत पेंटिंग, लाइटिंग, साफ–सफाई, घाटों पर साउण्ड व्यवस्था, हाईवे के किनारे पेंटिंग, बार को विकसित करने की कार्य योजना रखा गया है। घाटों की साफ–सफाई एवं मरम्मत के कार्य के साथ चेन, रेलिंग एवं टाइल्स लगाने का भी कार्य किया जायेगा। जनसुविधाओं एवं कुम्भ मेला से सम्बन्धित अन्य कार्य के सम्बन्ध में जल्द अखाड़ों के साथ बैठक की जायेगी।

इस अवसर पर सचिव शहरी विकास शैलेश बगोली, आयुक्त गढ़वाल मण्डल रविनाथ रमन, मेलाधिकारी दीपक रावत, अपर सचिव विनोन सुमन, अपर मेलाधिकारी हरबीर सिंह एवं डॉ0 ललित नारायण मिश्रा, नगर आयुक्त हरिद्वार शैलेन्द्र सिंह नेगी एवं ओ.एस.डी. कुम्भ मेला महेश शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### पहाड़ों में ध्वस्त पड़ी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग

**संवाददाता** देहरादून। राज्य भर में गर्भवती महिलाओं की लगातार हो रही मृत्यु तथा पहाड़ों में ध्वस्त पडी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किये जाने सहित अनेक मांगों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने स्वास्थ्य महानिदेशक को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही कार्यवाही करने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा है कि ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य महानिदेशक से मिलने के लिए आया है ओर पुलिस द्वारा उन्हें रोककर गेट बंद किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में हालात ज्यादा चिंता जनक बनी हुई हैं , आये दिन पहाड़ के किसी न किसी क्षेत्र से ध्वस्त पड़ी स्वास्थ्य सेवाओं के कारण मरीजों और विशेषकर गर्भवती महिलाओं की मौत की दुखद खबर पढ़ने को मिलती है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।